झारखण्ड सरकार
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
(माध्यमिक शिक्षा निदेशालय)

-: आदेश :-

संख्या-14/नि02-20/2018...1914/ रॉंची दिनांक-14/07/2022.

निजी विद्यालय ओपेन माइंड्स ए बिरला स्कूल धरियाडीह, गिरिडीह को निदेशालीय आदेश-सह-ज्ञापांक-762 दिनांक-30.04.2020 के द्वारा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु सरकार स्तर से अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किया गया था।

उपर्युक्त निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र के क्रम में विद्यालय के द्वारा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा, बोर्ड के बाईलॉज-2018 के कंडिका-15.05 में नाम परिर्वतन करने के प्रावधान के आलोक में विद्यालय द्वारा **"ओपेन माइंडस-ए-बिरला स्कूल (Open Minds- A Birla School)"** का नाम बदल कर **"ओपेन माइंड वर्ल्ड स्कूल (Open Mind World School)"** करने का अनुरोध विद्यालय से संबंधित ट्रस्ट बरकत आरा एजुकेशनल ट्रस्ट के पत्रांक-BAET/A-4/008 दिनांक-10.01.2022 द्वारा किया गया एवं नाम बदलने के आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया । उक्त प्राप्त शपथ पत्र एवं प्रस्ताव के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, गिरिडीह से प्राप्त प्रतिवेदन 1508 दिनांक-22.06.2022 के आलोक में समिति द्वारा निम्नांकित शर्त्तों के अधीन नाम परिवर्तन पर अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है:-

1. विद्यालय द्वारा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा, बोर्ड के बाईलॉज-2018 के कंडिका-15.05 में नाम परिर्वतन के संदर्भ में वर्णित प्रावधान के आलोक में निम्नांकित दस्तावेज विद्यालय के नाम से हो तत्संबंधी मूल अभिलेख 30 दिनों के अन्दर उपलब्ध करायेंगें-
   (क) विद्यालय भवन राष्ट्रीय भवन संहिता-2005 के अनुरूप है ।
   (ख) शौचालय एवं पेयजल संबंधी प्रमाण पत्र।
   (ग) अग्नि, पानी, बिजली से सुरक्षा संबंधी प्रमाण पत्र
   (घ) गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा संबंधी शपथ पत्र।
   (च) बिजली की व्यवस्था संबंधी सक्षम प्राधिकार से निर्गत प्रमाण पत्र।
   (छ) तड़ित चालक की व्यवस्था संबंधी सक्षम प्राधिकार से निर्गत प्रमाण पत्र।
2. उक्त निर्धारित अवधि में उपर्युक्त दस्तावेज अप्राप्त रहने की स्थिति में अनापत्ति प्रमाण पत्र स्वतः निरस्त समझे जायेंगे।
3. विद्यालय द्वारा गलत सूचना प्रतिवेदित होने पर किसी भी समय अनापत्ति प्रमाण पत्र वापस ली जा सकेगी।

14.7.22
(कुमुद सहाय)
संयुक्त सचिव
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग,
झारखंड, राँची

CamScanner

ज्ञापांक-14/वि02-20/2018........1914/.................. राँची , दिनांक-14/07/2022

प्रतिलिपिः- सचिव, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा, बोर्ड, नई दिल्ली/निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, झारखण्ड, रांची/जिला शिक्षा पदाधिकारी, गिरिडीह/सचिव, ओपेन मांइडस-ए-बिरला स्कूल, धरियाडीह, गिरिडीह को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

14.7.22

(कुमुद सहाय)
संयुक्त सचिव
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग,
झारखंड, राँची